भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 55 | बिजौलिया - बुधवार,07 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

SIR पर सियासी घमासान के बीच मदन राठौड़ का सोनिया गांधी पर निशाना

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- 'पहले मतदाता, बाद में नागरिक' बनने का दावा; कहा- SIR का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर चल रही राजनीतिक बहस के बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस और विपक्ष पर पलटवार किया है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में राठौड़ ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की नागरिकता और मतदाता बनने को लेकर सवाल उठाते हुए दावा किया कि वे भारत की नागरिक बनने से पहले ही मतदाता बन गई थीं। उन्होंने कहा कि यदि उस समय स्ढ्ढक्र होता तो उनका नाम मतदाता सूची में नहीं आता।

राठौड़ ने विपक्ष की ओर से स्ढ्ढक्र के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम सुनिश्चित करना और अपात्र नामों को हटाना जरूरी है। उन्होंने अपने आरोपों के संदर्भ में कहा कि 'पहले मतदाता और बाद में नागरिक' बनने की स्थिति को ही वे 'वोट चोरी' के रूप में देख रहे हैं और स्ढ्ढक्र के जरिए इसी तरह की विसंगतियों का शुद्धिकरण होने की बात कही।

'पहले तय हो, मतदाता कौन बने'

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में यह स्पष्ट होना चाहिए कि मतदाता कौन हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की जड़ें देश से जुड़ी हैं और जो भारत को अपनी मातृभूमि, पितृभूमि और पुण्यभूमि मानते हैं, उन्हें मताधिकार मिलना



चाहिए।

उन्होंने कहा कि बाहर से आकर देश में व्यापार या कामकाज के लिए रहने वाले व्यक्ति को मताधिकार देने के सवाल पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि स्ढ्ढक्र में यदि मतदाता सूची को लेकर यही प्रक्रिया अपनाई जा रही है तो इसमें आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

विपक्ष पर गलत धारणा बनाने का आरोप

राठौड़ ने विपक्ष के स्ढ्ढक्र विरोध को लेकर कहा कि विपक्ष गलत रास्ता चुन रहा है और इससे देश में गलत धारणा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में मतदाता सूची की शुद्धता महत्वपूर्ण है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में ऐसे लोगों के नाम नहीं होने चाहिए जो केवल लाभ लेने के उद्देश्य से देश में आए हों और बाद में चले जाएं। राठौड़ ने स्ढ्ढक्र को मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया बताते हुए विपक्ष की आपत्तियों पर सवाल उठाए।

खटवाड़ा में दो घरों में लाखों की चोरी, जेवर-नकदी और बाइक ले गए चोर

6 तोला से अधिक सोने के आभूषण व करीब एक किलो चांदी के जेवरात पार, सुबह घर लौटने पर चला वारदात का पता

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन।थाना क्षेत्र के खटवाड़ा गांव में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने लगातार दो घरों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और मोटरसाइकिल चोरी कर ली। वारदात का पता मंगलवार सुबह करीब 6 बजे घर लौटने पर चला। चोरी की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ित उदयलाल पुत्र बाबूलाल शर्मा, उम्र 32 वर्ष, निवासी खटवाड़ा ने बीगोद थाने में रिपोर्ट देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रिपोर्ट के अनुसार 5 अक्टूबर की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच अज्ञात चोर घर में घुसे। घर के पोल में खड़ी फावणा भैरूलाल पुत्र जगदीश शर्मा की मोटरसाइकिल चोरी कर ली। इसके बाद चोरों ने लोहे की पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 6 से 7 हजार रुपए भी पार कर लिए।

पड़ोसी के घर से लाखों के जेवरात चोरी

चोरों ने इसके बाद पड़ोस में स्थित किशन पुत्र कन्हैयालाल शर्मा के मकान को निशाना बनाया। किशन और उसकी मां नानी देवी उस समय सुठेपा गांव गए हुए थे। चोरों ने मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर लोहे के बक्से



में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ली।


चोरी हुए सामान में करीब ढाई तोला सोने का टडडा, सवा दो तोला वजन की दो कानों की झुमकियां, एक तोला सोने की नथ और आधा तोला सोने का बोर शामिल है। इसके अलावा करीब पाव भर चांदी की पायजेब की जोड़ी, पाव भर चांदी की करगती, करीब आधा किलो वजन की चांदी की पायलें तथा करीब 8 हजार रुपए नकद चोर ले गए।


पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच


सुबह घर लौटने पर परिजनों को मकान के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा हुआ था। इसके बाद चोरी की जानकारी पुलिस को दी गई। बीगोद थाना पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की तलाश के साथ वारदात से जुड़े सुराग जुटाने में लगी है।

दो दिन बाद नदी में मिले लापता दो बच्चों के शव

खेलने के लिए घर से निकले थे दोनों दोस्त, CCTV में साइकिल चलाते दिखे; पालड़ी की कोठारी नदी में मिला सुराग







दिव्यांशु

रजत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

घर से खेलने के लिए निकले दो 10 वर्षीय दोस्तों की तलाश का दो दिन बाद दर्दनाक अंत हुआ। माणिक्यनगर क्षेत्र से लापता दिव्यांशु सोनी उर्फ डुग्गू और रजत जाट उर्फ भुंगड़ा के शव मंगलवार शाम पालड़ी स्थित कोठारी नदी के पेटे में मिले। दोनों बच्चे 4 अक्टूबर को घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे थे। प्रारंभिक तौर पर दोनों की मौत पानी में डूबने से होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकलवाकर महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के अनुसार दोनों बच्चे 4 अक्टूबर सुबह करीब 11 बजे खेलने के लिए घर से निकले थे। काफी तलाश के बाद भी पता नहीं चलने पर परिजनों ने 5 अक्टूबर को भीमगंज थाने में रिपोर्ट दी। इसके बाद पुलिस ने चार टीमें गठित कर तलाश शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को सांगानेरी गेट के पास लगे CCTV कैमरे में दोनों बच्चे एक अन्य बच्चे के साथ साइकिल चलाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद उनके संभावित रास्तों और आसपास के क्षेत्रों के CCTV फुटेज खंगाले गए।

मंगलवार शाम करीब 6 बजे पालड़ी स्थित कोठारी नदी में दोनों बच्चों के शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव बाहर निकलवाए। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों बच्चे नदी तक कैसे पहुंचे और किन परिस्थितियों में उनकी मौत हुई।

पुलिस ने बताया कि दिव्यांशु के पिता सिलाई का काम करते हैं, जबकि रजत के पिता का पहले ही निधन हो चुका है और उसकी मां आगरा में रहती हैं। रजत अपने दादा-दादी के साथ रहता था। दोनों बच्चे दोस्त थे और एक ही स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ते थे।

वोट बचाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ कांग्रेस सड़क पर उतरेगी, सीईसी को हटाने की मांग

8 अक्टूबर को भीलवाड़ा में बड़ा मार्च, धीरज गुर्जर ने भाजपा पर लोकतंत्र को पंगु बनाने का लगाया आरोप, 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के तहत प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर साधा निशाना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर कांग्रेस ने अब सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भीलवाड़ा शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से 2 से 8 अक्टूबर तक चल रहे 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के तहत मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने भाजपा पर चुनाव आयोग समेत संवैधानिक संस्थाओं को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए चेताया कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन को देशभर में और तेज करेगी। गुर्जर ने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 में केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित तरीके से प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्था की स्वायत्तता को लेकर देशभर में रोष है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर



निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सत्ता के हित में 'टूल' की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि मुख्य निर्वाचन आयुक्त को जल्द पद से नहीं हटाया गया और कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस देशभर में आंदोलन को और व्यापक करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस जनता के बीच जाएगी। 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के समापन पर 8 अक्टूबर को भीलवाड़ा में 'वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च' निकाला जाएगा। गुर्जर ने बताया कि मार्च अंबेडकर सर्किल से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। इसमें कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम खटीक, याकुब मोहम्मद, संजय पेडीवाल, धर्मेन्द्र पारीक, कुणाल ओझा, मोहम्मद हारून, पार्षद निसार सिलावट, सत्यवीर सिह, योगेश सोनी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

NH-148D पर दर्दनाक हादसा, बाइक सवार युवक की मौत

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दोस्त घायल; हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

बदनौर नेशनल हाईवे-148D पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसा विराट गौशाला के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जगपुरा निवासी दिलखुश भील ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

दिलखुश अपने दोस्त सोनू भील (19) के साथ आसींद से जगपुरा स्थित अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान विराट गौशाला के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दिलखुश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सोनू घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सोनू को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक के शव को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया है।

पुलिस के अनुसार हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है और घटनास्थल के आसपास की जानकारी जुटाई जा रही है।

दिलखुश मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में एक भाई और एक बहन हैं। हादसे की सूचना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

जोगणियां माता शक्तिपीठ में 11 से दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव

देवीभागवत कथा, शतचंडी यज्ञ, रामलीला और भजन संध्या होंगे मुख्य आकर्षण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



प्रसिद्ध श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 11 से 20 अक्टूबर तक दस दिवसीय धार्मिक महोत्सव आयोजित होगा। महोत्सव में देवीभागवत कथा, शतचंडी पारायण, पंचकुंडीय महायज्ञ, कलश यात्रा, रामलीला, भजन संध्या और रात्रि जागरण सहित कई धार्मिक आयोजन होंगे।

मंदिर संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि 11 अक्टूबर को सुबह 9.15 बजे कलश यात्रा निकलेगी। इसके बाद दोपहर 12.05 बजे घट स्थापना एवं ध्वजारोहण होगा। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन देवीभागवत कथा और पंचकुंडीय महायज्ञ के साथ अखंड रामायण पाठ, गायत्री अनुष्ठान तथा वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा मंत्रोच्चार किया जाएगा।

रात्रि में रामलीला के साथ विभिन्न दिनों में भजन संध्या और जागरण होंगे। 18 अक्टूबर को अष्टमी पर विशेष महारात्रि जागरण एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। 20 अक्टूबर को दोपहर 12.15 बजे पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन होगा।

श्रद्धालुओं के लिए मंदिर संस्थान ने आवास, भोजन, पेयजल, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्थाएं की हैं। अन्नपूर्णा भोजनालय में सात्विक भोजन तथा रामरसोड़े की व्यवस्था रहेगी।

प्लास्टिक और तेज डीजे पर रोक

मंदिर क्षेत्र में प्लास्टिक व डिस्पोजल के उपयोग पर रोक रहेगी। कचरा निर्धारित स्थान पर डालना होगा। 2 किलोमीटर क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। लंगर और भजन संध्या के लिए पूर्व अनुमति जरूरी होगी। नियमों की अवहेलना या गंदगी पाए जाने पर 500 रुपए जुर्माना लगाया जाएगा।

बोर्ड की पहली बैठक में ही सूचना पर सवाल

पार्षद बोले- अचानक बैठक से तैयारी संभव नहीं, समय पर मिले एजेंडा



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

नगर पालिका बोर्ड गठन के बाद मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में पहली बैठक अध्यक्ष स्नेहा तिवाड़ी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सफाई, रोड लाइट, सड़क-नाली, यूडी टैक्स वसूली, अतिक्रमण और आगामी त्योहारों की व्यवस्थाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक की सूचना एक दिन पहले दिए जाने पर पार्षदों ने नाराजगी जताई। संजय मालवीय और किशन खटीक ने कहा कि अचानक बैठक बुलाने से वार्ड की समस्याओं पर पूर्व तैयारी के साथ चर्चा संभव नहीं है। उन्होंने मांग की कि आगे बोर्ड बैठक की सूचना 3 से 7 दिन पहले और पूरा एजेंडा समय पर दिया जाए।

बैठक में बंद पड़ी रोड लाइटों को दुरुस्त कराने, नियमित सफाई, सड़कों व नालियों की स्थिति सुधारने और कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। आगामी दशहरा-दीपावली को देखते हुए प्रकाश, पेयजल, यातायात और पटाखा दुकानों की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सीमित राजस्व और बकाया घरेलू-वाणिज्यिक करों की वसूली का मुद्दा रखा। तेजाजी चौक से बस स्टैंड तक अवैध पार्किंग, अतिक्रमण, पालिका भूमि पर कब्जे तथा पलकी नदी पर पुलिया निर्माण पर भी विचार हुआ।

अध्यक्ष स्नेहा तिवाड़ी ने नए नगर पालिका भवन की आवश्यकता का मुद्दा रखा। बैठक में सभी 25 पार्षद मौजूद रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग, आप ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठाई है। इसी मांग को लेकर आप के जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह कारोही के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवटिया को दिया गया।

जिलाध्यक्ष कारोही ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता व पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा फॉर्म-6 में किए गए संशोधन तथा मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

आप की ओर से ज्ञापन में दावा किया गया कि मतदाता सूचियों से करोड़ों नाम हटाए जाने से मतदाताओं के मतदान के अधिकार पर असर पड़ा है। पार्टी ने दिल्ली, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित विभिन्न राज्यों की चुनावी प्रक्रिया का भी उल्लेख करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला चुनाव प्रभारी प्रहलाद व्यास, पूर्व जिला संयुक्त सचिव हेमेंद्र सिंह मेहता, धर्मेंद्र शर्मा, अशोक मूंदड़ा, दीपक चौधरी, लक्ष्मीनारायण बेरवा, नारायण भगोरिया और भारती जैन सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अधिवक्ता पर हमले के आरोपी की पहचान, गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तेज किए प्रयास

एसपी से वार्ता के बाद अधिवक्ताओं ने दो दिन के लिए आंदोलन टाला, गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



अधिवक्ता गोविंद मानमिया पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने जिला अभिभाषक संस्था के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि हमले में शामिल आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। आरोपी पर इनाम घोषित करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई और जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने अपना प्रस्तावित आंदोलन फिलहाल दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक सागर राणा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ता गोविंद मानमिया पर हुए हमले की घटना और अब तक की पुलिस कार्रवाई की जानकारी लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग रखी। इस पर एसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान हो चुकी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। आरोपी पर इनाम भी जारी किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को शरण देने और उसे भगाने में मदद करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक से हुई वार्ता के बाद अधिवक्ताओं ने दो दिन तक आंदोलन स्थगित रखने का निर्णय लिया। संस्था अध्यक्ष राठौड़ ने स्पष्ट किया कि यदि तय अवधि में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो अधिवक्ता उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रतिनिधिमंडल में संस्था उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली, मनोनीत सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, वंदना आमेटा, पीरू सिंह गौड़ और आनंद शर्मा शामिल रहे।

महापौर के स्वागत के दौरान निर्दलीय पार्षद से कथित धक्का-मुक्की, गाली-गलौच का आरोप, निर्दलीय पार्षदों ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



पुनित चपलोत

नगर निगम के वार्ड नंबर 69 के निर्दलीय पार्षद कमलेश सुवालका के साथ महापौर के वार्ड निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कथित अभद्रता, गाली-गलौच और धक्का-मुक्की का मामला सामने आया है। पार्षद और वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान विवाद हुआ और बाद में हनुमान मंदिर परिसर में भी उनके साथ कथित तौर पर धक्का-मुक्की की गई। मामले को लेकर पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन के अनुसार 6 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे शारदा चौराहे पर महापौर जसवंत कंवर वार्ड निरीक्षण के लिए पहुंचीं। इस दौरान पार्षद कमलेश सुवालका और वार्डवासी उनका स्वागत कर रहे थे। आरोप है कि भाजपा गणेश मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किए जाने के दौरान अप्पू उर्फ सत्यनारायण प्रजापत ने पार्षद के हाथ से दुपट्टा छीन लिया और उनके साथ धक्का-मुक्की की। पार्षद का आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौच भी की गई तथा उन्हें स्वागत कार्यक्रम में शामिल नहीं होने देने की बात कही गई।

पार्षद ने बताया कि कुछ समय बाद वह धीरज गुर्जर के फार्म हाउस के सामने स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचे। आरोप है कि वहां सत्यनारायण प्रजापत और उनके भांजे धीरज प्रजापत ने उनके साथ कथित अभद्रता और धक्का-मुक्की की तथा धमकी दी।

वार्ड 69 के पार्षद कमलेश सुवालका ने कहा कि महापौर पूरे शहर की होती हैं और उनके वार्ड में निरीक्षण के दौरान उनका स्वागत करना जनप्रतिनिधि का अधिकार है। उन्होंने कहा कि उनके साथ हुई घटना से वार्डवासियों में आक्रोश है। तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।


वार्ड 10 के पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद कमलेश सुवालका ने उन्हें फोन किया। इसके बाद सभी पार्षद साथी कलेक्टर और एसपी से मिले तथा मामले से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वागत के दौरान पार्षद के हाथ से दुपट्टा छीनना, गाली-गलौच और धक्का-मुक्की करना गलत है। गजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि इस तरह की घटनाओं से लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने पुलिस से मामले में तत्काल कार्रवाई और आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा सहित उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर पार्षद एवं जनप्रतिनिधि धरना-प्रदर्शन करेंगे।

ज्ञापन में पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान बाबूलालची दुगवाल, ललिता सुवालका, शिवराज गुर्जर, गजेंद्र सिंह, गौरव टांक, नरेश जाट, राहुल सुवालका सहित अन्य पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भक्ति की राह पर 5 किमी दौड़ीं बेटियां, दिया आस्था-गौसेवा का संदेश

मुजरास टोल नाके से नौगांवा मंदिर तक मैराथन, सांवरिया सेठ के दर्शन के बाद बालिकाओं को पिलाई छाछ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



विनायक विद्यापीठ भुनास के तत्वावधान में आयोजित 5 किलोमीटर की अनूठी मैराथन में विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मुजरास टोल नाके से शुरू हुई मैराथन नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। गंगापुर, भुनास, ढोसर, मुजरास और लाखोला विद्यालयों की छात्राएं लाल टी-शर्ट व काले ट्रैक पैंट में दौड़ती नजर आईं।

मैराथन के दौरान बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों ने यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था संभाली। हाईवे पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस भी उनके साथ रहे। दौड़ पूरी करने के बाद बालिकाओं ने श्री सांवरिया सेठ मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

इसके बाद राज नायक एवं देवेंद्र कुमावत के सानिध्य में बालिकाओं ने स्थानीय गौशाला का भ्रमण किया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी की अगुवाई में उन्होंने गौमाता के दर्शन किए और गौशाला की परिक्रमा की। बालिकाओं को गोबर गैस प्लांट की कार्यप्रणाली की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के समापन पर परम पूज्य माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान एवं श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट नौगांवा की ओर से प्रतिभागी बालिकाओं को गौमाता के प्रसाद स्वरूप छाछ वितरित की गई।

पंचायत चुनाव का बिगुलः भीलवाड़ा में दो चरणों में होगा मतदान

पहले चरण में 9 पंचायत समितियों की 326 ग्राम पंचायतें, दूसरे चरण में 7 पंचायत समितियों की 185 ग्राम पंचायतें शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायत आम चुनाव-2026 को लेकर जिले में चुनावी प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में जिले की 9 पंचायत समितियों की 326 ग्राम पंचायतों के 177 पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कराया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में 7 पंचायत समितियों की 185 ग्राम पंचायतों के 111 पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

पहले चरण में 9 पंचायत समितियां

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार पहले चरण में बिजौलिया, जहाजपुर, खजूरी, कोटड़ी, मांडलगढ़, बनेड़ा, करेड़ा, मांडल और सुवाणा पंचायत समितियां शामिल हैं।

बिजौलिया पंचायत समिति में 26 ग्राम पंचायतों के 131 राजस्व ग्राम और 216 ग्राम पंचायत वार्डों से 15 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। जहाजपुर में 32 ग्राम पंचायतों के 108 राजस्व ग्राम और 288 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 17 पंचायत समिति सदस्य चुने जाएंगे। इसी तरह खजूरी पंचायत समिति की 27 ग्राम पंचायतों के 131 राजस्व ग्राम और 217 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 15 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। कोटड़ी में 46 ग्राम पंचायतों के 183 राजस्व ग्राम और 444 ग्राम पंचायत वार्डों से 27 पंचायत समिति सदस्यों का चुनाव होगा।

मांडलगढ़ पंचायत समिति की 39 ग्राम पंचायतों के 167 राजस्व ग्राम और 339 ग्राम पंचायत वार्डों में 21 पंचायत समिति सदस्यों के लिए निर्वाचन होगा। बनेड़ा में 29 ग्राम पंचायतों के 97 राजस्व ग्राम और 289 ग्राम पंचायत वार्डों से 17 पंचायत समिति सदस्य चुने जाएंगे।

करेड़ा पंचायत समिति में 37 ग्राम पंचायतों के 143 राजस्व ग्राम और 279 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 17 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। मांडल में 36 ग्राम पंचायतों के 127 राजस्व ग्राम और 336 ग्राम पंचायत वार्डों से 21 पंचायत समिति सदस्य चुने जाएंगे। वहीं सुवाणा पंचायत समिति की 54 ग्राम पंचायतों के 163 राजस्व ग्राम और 464 ग्राम पंचायत वार्डों में 27 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा

दूसरे चरण में 7 पंचायत समितियां

दूसरे चरण में जिले की फुलियाकलां, रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, आसींद, हुरड़ा और शंभूगढ़ पंचायत समितियां शामिल हैं। इन क्षेत्रों की 185 ग्राम पंचायतों में 111 पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

फुलियाकलां पंचायत समिति में 25 ग्राम पंचायतों के 79 राजस्व ग्राम और 241 ग्राम पंचायत वार्डों से 15 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। रायपुर में 29 ग्राम पंचायतों के 102 राजस्व ग्राम और 249 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 15 पंचायत समिति सदस्य चुने जाएंगे। सहाड़ा पंचायत समिति में 30 ग्राम पंचायतों के 115 राजस्व ग्राम और 294 ग्राम पंचायत वार्डों में 19 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। शाहपुरा में 26 ग्राम पंचायतों के 90 राजस्व ग्राम और 220 ग्राम पंचायत वार्डों से 15 पंचायत समिति सदस्य चुने जाएंगे।

इसी प्रकार आसींद पंचायत समिति की 27 ग्राम पंचायतों के 97 राजस्व ग्राम और 239 ग्राम पंचायत वार्डों में 15 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन होगा। हुरड़ा में 24 ग्राम पंचायतों के 73 राजस्व ग्राम और 250 ग्राम पंचायत वार्डों से 17 पंचायत समिति सदस्यों का चुनाव होगा। वहीं शंभूगढ़ पंचायत समिति की 24 ग्राम पंचायतों के 83 राजस्व ग्राम और 216 ग्राम पंचायत वार्डों में 15 पंचायत समिति सदस्यों का निर्वाचन कराया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायत आम चुनाव के तहत जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में प्रशासनिक एवं निर्वाचन संबंधी तैयारियां की जा रही हैं।



QUICK BITES

सफाई कर्मचारी भर्ती में हेला समाज को प्राथमिकता देने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



सफाई कर्मचारी भर्ती में परंपरागत रूप से सफाई कार्य से जुड़े हेला समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता और अनुभव प्रमाण पत्र के नियमों में छूट देने की मांग उठी है। अखिल भारतीय हेला समाज राजस्थान प्रदेश की ओर से स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

समाज प्रतिनिधियों ने बताया कि हेला समाज के लोग पीढ़ियों से सफाई कार्य करते आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों तथा शहरों में नगर निकायों में कार्यरत कई लोगों के पास निर्धारित अनुभव प्रमाण पत्र नहीं होने से भर्ती में आवेदन करने में परेशानी हो रही है।

ज्ञापन में मांग की गई कि पारंपरिक सफाई कार्य से जुड़े हेला समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए और अनुभव संबंधी नियमों में आवश्यक राहत प्रदान की जाए। इस दौरान सद्दाम, सिकंदर, जावेद, हामिद और अकबर मौजूद रहे।

पैकेजिंग नियमों की अनदेखी पड़ी भारी, दो प्रतिष्ठानों पर 35 हजार का जुर्माना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में सही वस्तुएं उपलब्ध कराने और विधिक माप विज्ञान नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विभाग ने दो प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों पर कुल 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

विधिक माप विज्ञान अधिकारी ने श्री श्याम फूड वेंचर्स, पांसल रोड, भीलवाड़ा तथा खेमराज फूड इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड, सालमपुरा, भीलवाड़ा का निरीक्षण किया। जांच में पैकेजिंग से संबंधित नियमों की पालना नहीं होना सामने आया।

विभागीय कार्रवाई के तहत श्री श्याम फूड वेंचर्स पर पैकेजिंग रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, खेमराज फूड इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में जांच के दौरान मौके पर पैकेजिंग लाइसेंस उपलब्ध नहीं होने तथा नेट क्वांटिटी सही नहीं पाए जाने पर 30 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा उन्हें निर्धारित मात्रा में वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए विधिक माप विज्ञान नियमों की प्रभावी पालना जरूरी है। जिले में नियमों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ जांच और कार्रवाई का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



पंचायतीराज चुनाव को लेकर भाजपा की संगठनात्मक तैयारी तेज

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन, संभावित प्रत्याशियों के आवेदन लिए





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन

पंचायतीराज चुनाव-2026 को लेकर राजनीतिक दलों की संगठनात्मक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कस्बा स्थित भैरूनाथ मंदिर परिसर में भाजपा की ओर से मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद एवं पंचायत समिति क्षेत्रों से जुड़े कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल की मौजूदगी में चुनावी तैयारियों और संगठनात्मक कार्ययोजना को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई।

बैठक में मांडलगढ़, बिजौलिया और कोटड़ी पंचायत समिति क्षेत्रों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संबंधित वार्ड प्रभारियों के माध्यम से संभावित उम्मीदवारों के आवेदन भी प्राप्त किए गए। कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में संगठनात्मक संपर्क मजबूत करने और आगामी चुनाव को लेकर निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुसार तैयारी करने पर चर्चा हुई।

विधायक खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन के स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों में कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और क्षेत्र में आमजन से निरंतर संपर्क महत्वपूर्ण है। उन्होंने बूथ से पंचायत स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया। सम्मेलन में पंचायत समिति प्रभारी विजय पोखरना, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, उप महापौर एवं भीलवाड़ा विधानसभा प्रभारी राधेश्याम सोमानी, जिला परिषद प्रभारी सुनीता कटारिया, पूर्व उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, बीगोद नगरपालिका अध्यक्ष लोकेश नागौरी सहित विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा बिजौलिया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा सहित जिला परिषद एवं पंचायत समितियों से जुड़े पदाधिकारी, वार्ड प्रभारी और कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए।

निजी बसों के स्वीकृत मार्गों पर PME बसों के संचालन पर रोक की मांग

निजी बस एसोसिएशन ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



भीलवाड़ा निजी बस एसोसिएशन ने निजी बसों के लिए स्वीकृत मार्गों पर क्रास्थ बसों के संचालन को रोकने की मांग की है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मोगरा के नेतृत्व में बस मालिकों ने जिला परिवहन अधिकारी एवं भीलवाड़ा नगर निगम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष मोगरा ने बताया कि भीलवाड़ा-कोटड़ी, भीलवाड़ा-मांडलगढ़, भीलवाड़ा-बागोर और भीलवाड़ा-गंगापुर सहित निजी बसों के लिए स्वीकृत मार्गों पर क्रास्थ बसों का संचालन किया जा रहा है। एसोसिएशन ने इसे नियमानुसार उचित नहीं बताते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि PME बसों का उद्देश्य ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, जहां नियमित बस सेवा या परमिट उपलब्ध नहीं है। ऐसे क्षेत्रों में बसें संचालित होने से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सकती है। एसोसिएशन के अनुसार, निजी बसों के स्वीकृत मार्गों पर PME बसों के संचालन से निजी बस संचालकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसलिए PME बसों को ऐसे ग्रामीण मार्गों पर संचालित किया जाए, जहां परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है और वहां से यात्रियों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

ज्ञापन के दौरान जिला उपाध्यक्ष कैलाश जाट, मनोहर सिंह, गोपाल जाट, बलराम सिंह, अभिषेक चतुर्वेदी, शंकर आचार्य सहित अन्य बस मालिक मौजूद रहे।

गंगापुर में ब्लॉक स्तरीय 'प्रबल' कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

राहुल प्रजापत व रवीना जाट का जिला स्तर के लिए चयन

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



कस्बे के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय 'प्रबल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहाड़ा ब्लॉक के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा, अभिव्यक्ति एवं रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम प्रभारी नारायण सिंह चुंडावत ने बताया कि आयोजन में आशुभाषण, नाट्य प्रदर्शन एवं पैनल चर्चा जैसी गतिविधियां कराई गईं। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों के माध्यम से अपनी तार्किक क्षमता, वक्तृत्व-कौशल, रचनात्मक अभिव्यक्ति और मंचीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्र राहुल प्रजापत एवं छात्रा रवीना जाट का जिला स्तर के लिए चयन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीबीईओ नरोत्तम कुमार दाधीच, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश चावला रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य गोवर्धन लाल सोनी ने की। कार्यक्रम के सह-प्रभारी ईश्वर लाल रेगर ने गतिविधियों की जानकारी दी।

विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन मुख्य निर्णायक भवानी शंकर भट्ट, ओम प्रकाश उपाध्याय, देवकिशन बलाई, प्रेम प्रकाश भाटिया एवं रामचन्द्र बैरवा ने किया। मुख्य अतिथि सीबीईओ नरोत्तम दाधीच ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन मोहन लाल प्रजापत ने किया। इस अवसर पर प्रहलाद राय तेली, नारायण लाल गुर्जर, रेखा जीनगर, रेणु शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण की तैयारियों को लेकर 13 अक्टूबर को जुटेंगे गौभक्त

हरिशेवा धाम में संतो के सानिध्य में होगी जिलास्तर की बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



संपूर्ण भारत में संत-महात्माओं के मार्गदर्शन में संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण की तैयारियों को लेकर 13 अक्टूबर को हरिसेवा धाम उदासीन आश्रम में जिलेभर के गौभक्तों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संत-महात्माओं का सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

अभियान के भीलवाड़ा जिला समन्वयक सुनील जागेटिया ने बताया कि बैठक की तैयारियों को लेकर विधायक अशोक कुमार कोठारी के सानिध्य में विधायक कार्यालय पर बैठक आयोजित कर 13 अक्टूबर को होने वाली जिला स्तरीय बैठक की रूपरेखा तय की गई।

गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुड़े संत लाल दास महाराज ने बताया कि हरिशेवा धाम में परम गौभक्त ग्वाल संत श्री गोपालानंद जी महाराज के सानिध्य में महामंडलेश्वरों एवं संत-महात्माओं के आशीर्वचन और मार्गदर्शन का लाभ गौभक्तों को मिलेगा।

अभियान के तृतीय चरण के तहत 17 दिसंबर को राज्य के मुख्य सचिव के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को 31 करोड़ हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र सौंपे जाने का लक्ष्य है। इसी अभियान को सफल बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर 13 अक्टूबर की बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में नंदकिशोर साहू संभाग प्रभारी, जगदीश तेली जिला प्रभारी, बाबूलाल टाक, सत्यम शर्मा, हरीश श्रोत्रिय, गजेंद्र सिंह राठौड़, संजय राठी, पृथ्वीराज सिंह सहित आदि गौभक्त उपस्थित रहे।

अणुव्रत अनुशासन दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया संयम व सदाचार का संकल्प

अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश, निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

(मूलचंद पेसवानी) अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फूलिया खुर्द में अणुव्रत अनुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संयम, अनुशासन, नैतिकता, अहिंसा और सदाचार के महत्व से अवगत कराते हुए इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक एवं कवि ओम माली 'अंगारा' ने किया। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अणुव्रत आचार संहिता का वाचन करवाया। उन्होंने कहा कि अनुशासन केवल विद्यालय अथवा परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने वाला संस्कार है। छोटी-छोटी बुराइयों से दूरी बनाकर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

विद्यालय के उप प्राचार्य दशरथ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को शांति, सौहार्द और सद्भावना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। विद्यार्थियों से अनुशासन, परस्पर सम्मान और सकारात्मक सोच को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ब्राइट माइंड सेकेंडरी स्कूल में आयोजित अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट की निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अणुव्रत के सिद्धांतों को अपने विचारों और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया।



पर्यावरण संरक्षण का भी दिया संदेश

इससे पूर्व महाप्रभु श्री रामचरण कन्या विद्यापीठ में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के तहत पर्यावरण शुद्धि दिवस आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता दिग्विजय सिंह, प्रोफेसर इंग्लिश ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मोहन, जितेन्द्र, जयशंकर पाराशर, कैलाशचंद्र शर्मा, जगदीश जाट सहित संयोजक गोपाल पंचोली मौजूद रहे। अणुव्रत सप्ताह के आयोजनों में विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

QUICK BITES

आचार संहिता की पालना में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

पंचायतीराज चुनाव को लेकर जिला परिषद में बैठक, 24, 48 और 72 घंटे की कार्रवाई की समीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है। इसी क्रम में जिला परिषद कार्यालय में आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ की बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव आचार संहिता का प्रभावी ढंग से पालन कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ प्रभारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी ने की। उन्होंने प्रकोष्ठ से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देश दिए कि आचार संहिता की पालना में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो और सभी कार्रवाई निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाए।

बैठक में आचार संहिता लागू होने के बाद 24 घंटे, 48 घंटे और 72 घंटे के दौरान की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी दिनों में निगरानी और कार्रवाई को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सीईओ भाटी ने कहा कि आचार संहिता की प्रभावी पालना के लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें और किसी भी तरह की शिकायत या उल्लंघन की स्थिति में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में सहायक प्रभारी अधिकारी राम अवतार जाट, सहायक प्रभारी कर्मचारी सुभाष आमेटा सहित प्रकोष्ठ से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

SIR पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, पारदर्शिता की मांग

देहात कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल जाट ने मतदाता सूची, ECINet और AI के इस्तेमाल को लेकर उठाए मुद्दे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा (देहात) के अध्यक्ष रामलाल जाट ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि SIR से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और स्पष्टता जरूरी है।

जाट ने करीब 5.43 करोड़ मतदाताओं को अतिरिक्त दस्तावेज की जरूरत वाली श्रेणी में रखे जाने को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि घर-घर सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। साथ ही पात्र मतदाता का नाम सूची से हटने पर उसे दोबारा जुड़वाने की प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस ने चिंता जताई।

उन्होंने ECINet की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची तैयार करने में तकनीकी व्यवस्था की भूमिका को लेकर भी स्पष्टीकरण मांगा। जाट ने कहा कि यदि सत्यापन या नोटिस प्रक्रिया में AI अथवा किसी तकनीकी प्रणाली का इस्तेमाल हो रहा है तो उसके मानक और प्रक्रिया सार्वजनिक होनी चाहिए।

जाट ने कहा कि मतदाता सूची नागरिक के मतदान अधिकार से सीधे जुड़ी है। कांग्रेस का कहना है कि SIR की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सत्यापन योग्य और पात्र मतदाताओं के हितों को ध्यान में रखकर होनी चाहिए।

शाहपुरा पालिका में फिर दिखी प्रशासनिक सक्रियता, अवैध निर्माण पर सख्ती

अधिशाषी अधिकारी रिंकल गुप्ता ने संभाला पदभार, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा; बिना अनुमति निर्माण पर नोटिस

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचंद पेसवानी। नगर पालिका शाहपुरा में अधिशाषी अधिकारी का पदभार संभालते ही रिंकल गुप्ता ने शहर की सफाई व्यवस्था, निर्माण गतिविधियों और नागरिक सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण सामने आने पर संबंधित भू-स्वामियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका की प्राथमिकता शहर की स्वच्छता, निर्माण कार्यों का नियमन, नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता और सरकारी नियमों की पालना सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सक्षम स्वीकृति के बिना निर्माण करने पर नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बिना स्वीकृति कॉलोनियों में भूखंड खरीदने से बचें



आयुक्त ने नागरिकों से बिना स्वीकृत ले-आउट वाली कॉलोनियों में भूखंड खरीदने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि भूखंड खरीदने से पहले ले-आउट, वैधानिक स्वीकृति और संबंधित दस्तावेजों की जांच जरूर करें। अनियोजित कॉलोनियों का असर भविष्य में सड़क, नाली, पानी, बिजली और अन्य नगरीय सुविधाओं पर पड़ सकता है।

कार्मिकों को समय पर काम करने के निर्देश

पदभार संभालने के बाद गुप्ता ने पालिका कार्मिकों की बैठक लेकर आमजन से जुड़े कार्य निर्धारित समय में नियमानुसार पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्माण स्वीकृति, सफाई, पट्टे सहित नागरिक सेवाओं में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

7 से 16 अक्टूबर तक सेवा सेतु अभियान

नगर पालिका सभागार में 7 से 16 अक्टूबर 2026 तक सेवा सेतु अभियान आयोजित किया जाएगा। आयुक्त ने शहरवासियों से अभियान में भाग लेकर सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

सफाई में नागरिकों से सहयोग की अपील

गुप्ता ने नागरिकों से घरों का कचरा पालिका के आने वाले ऑटो टिपर में ही डालने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रशासन के साथ नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी है।

पूर्व में भी संभाल चुकी हैं जिम्मेदारी:

रिंकल गुप्ता इससे पहले भी नगर पालिका में अधिशाषी अधिकारी के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं। दोबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद शहर की सफाई, निर्माण नियंत्रण, नगरीय विस्तार और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाना उनके सामने प्रमुख चुनौतियां रहेंगी।



स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।